दिनांक : 05.04.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार

नामांकन प्रक्रिया–प्रदेश

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आज इन नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि नामांकन भरने के अंतिम दिन 56 अभ्यर्थियों ने 84 नाम–निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। इस तरह दूसरे चरण में कुल 109 अभ्यर्थियों द्वारा 157 नाम–निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

....

मतदाता जागरुकता

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं । इसी क्रम में शहडोल जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान लगातार चल रहा है। सभी मतदाताओं को घर–घर जाकर पीले चावल देकर 19 अप्रैल को मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत रसमोहनी में व्यापक पैमाने पर दीवार लेखन से मतदान का संदेश दिया जा रहा है। कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। वहीं किसी प्रलोभन में आए बगैर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई है। आगरमालवा जिले में कल आयोजित स्वीप साथियों की बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि बूथ स्तर पर जागरूकता समूह, चुनाव साक्षरता की बैठकें आयोजित करें।

....

भाजपा प्रचार

लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता आज प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर हैं । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला एवं जबलपुर और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी प्रवास पर हैं । मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज दोपहर ढाई बजे मंडला में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री शाम साढ़े 4 बजे जबलपुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो की तैयारियों का अवलोकन करेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल 6 अप्रैल को सिंगरौली और सीधी प्रवास पर रहेंगे।

....

कांग्रेस घोषणा पत्र

कांग्रेस ने आज लोकसभा चुनाव के लिये अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र को न्याय पत्र नाम दिया गया है। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में पांच न्याय और पच्चीस गारंटी का वादा किया है। कांग्रेस ने हर परिवार की महिला को एक लाख रुपये सालाना देने,जातीय जनगणना कराने, 50 फीसदी आरक्षण की सीमा हटाने, फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य अनिवार्य बनाने सहित कई घोषणायें की है।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

सीबीएसई परीक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार परीक्षा आकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे।

संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न 2024–25 सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शहडोल जिले में पेयजल के संभावित संकट को देखते हुए जिला कलेक्टर ने आगामी आदेश तक के लिए नलकूप खनन और पेयजल को छोड़कर सभी जलस्त्रोतो के उपयोग पर रोक लगा दी है।
- बैतूल जिले में एफसीआई एडी ने चमक विहीन गेहूं का जायजा लिया। इसके अन्तर्गत 60 से 70 प्रतिशत चमक विहीन गेहूं के उपार्जन की अनुमति मिल सकती है।

- छिंदवाड़ा जिले में नवसंवत्सर की शुरुआत आगामी 9 अप्रैल से होगी। इसी दिन से मां जगत जननी की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ होंगे। जिले के शक्तिपीठों में नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां शुरु हो गई हैं।

....